रेवाड़ी भास्कर 27-06-2025

# बीए प्रथम में 169, बीएससी फिजिकल साइंस में 95 व लाइफ साइंस में 56 विद्यार्थियों का चयन

भास्कर न्यूज़ | कोसली

राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं के लिए पहली मेरिट सूची जारी हो गई है। कोसली कॉलेज की प्राचार्या डॉ. लाज कौशल ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष में 169, बीएससी फिजिकल साइंस में 95, बीएससी लाइफ साइंस में 56 और बीकॉम प्रथम वर्ष में 18 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इन सभी को 27 से 30 जून तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। फीस भरने के बाद एप्लीकेशन फॉर्म और जरूरी दस्तावेज कॉलेज में जमा करवाना अनिवार्य है।

दाखिले से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए विद्यार्थी कार्यालय समय में कॉलेज से संपर्क कर सकते हैं। दूसरी मेरिट सूची 3 जुलाई को जारी होगी। इसमें शामिल विद्यार्थियों को 4 से 7 जुलाई तक फीस भरनी होगी। इसके बाद 9 जुलाई से खाली सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग होगी। 10 जुलाई से उच्चतर शिक्षा विभाग का पोर्टल फिर से खुलेगा। इसमें खाली सीटों के लिए आवेदन किया जा सकेगा। कोसली कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में 240, बीकॉम में 80, बीएससी लाइफ साइंस में 80 और बीएससी फिजिकल साइंस में 160 सीटें हैं। जो विद्यार्थी पहले आवेदन नहीं कर पाए थे, वे अब आवेदन कर सकते हैं। रिक्त सीटों के लिए पोर्टल 24 जुलाई तक खुला रहेगा।



रेवाड़ी भास्कर 12-07-2025

# सावन के पहले दिन कॉलेज में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



**कोसली** | राजकीय महाविद्यालय कोसली में श्रावण माह के पहले दिन पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता बढ़ाना रहा। मुख्य अतिथि कोसली विधायक अनिल यादव रहे। उन्होंने कहा हर व्यक्ति को साल में कम से कम दो पौधे लगाने चाहिए। उनकी देखभाल भी जरूरी है। प्राचार्य डॉ. लाज कौशल ने कहा हमारा क्षेत्र कम वर्षा वाला है। इसलिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना जरूरी है। कार्यक्रम संयोजिका रेनू यादव ने बताया हर साल कॉलेज में पौधरोपण होता है। विद्यार्थियों को पौधों की जिम्मेदारी दी जाती है। इस बार भी सभी स्टाफ सदस्यों ने पौधे लगाए। कार्यक्रम में प्राचार्य दयानंद शर्मा, एडवोकेट दीपक कोसलिया, कष्ट निवारण समिति सदस्य अनिल शर्मा, जिला पार्षद जीवन हितैषी, सुरेंद्र कुमार, मंजीत कुमार, ओमप्रकाश, नागेश कुमार, डॉ. संध्या, नीलम, जसवंत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरियाणा ज्योति/ उदित खनेजा

कोसली - राजकीय महाविद्यालय कोसली में हर घर तिरंगा अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। पोस्टर मेकिंग में हिमानी [illegible] तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा



स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में साधना तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान अपने नाम अर्जित किया ।

दोनों ही विद्यार्थियों ने अपनी गतिविधियों के माध्यम से तिरंगे के महत्व और देशभक्ति की भावना को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया । महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ लाज कौशल ने अपने संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और देशभक्ति का प्रदर्शन किया है।

प्राचार्या डॉ. लाज ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने घर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक तिरंगा अवश्य लगाएं। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

दैनिक भास्कर

रेवाड़ी भास्कर 14-08-2025

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री से 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' घोषित करने की अपील : पूर्व डीजीपी

भास्कर न्यूज़ | कोसली




प्रदेश के पूर्व डीजीपी शील मधुर ने पीएम नरेंद्र मोदी से अपील की है कि 22 जुलाई को आधिकारिक रूप से 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' घोषित किया जाए। पूर्व डीजीपी शील मधुर बुधवार को कोसली पहुंचे, जहां उन्होंने 'सादर इंडिया' के तत्वावधान चल रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' की निरंतरता और 'नेशनल फ्लैग डे' की मांग के तहत कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

उन्होंने राजकीय महाविद्यालय कोसली और फ्लाइट लेफ्टिनेंट शहीद आकाश यादव राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोसली में विद्यार्थियों और शिक्षकों को तिरंगे के इतिहास, महत्व, सम्मानजनक तरीके से रखरखाव के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी से अगले वर्ष 22 जुलाई को 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इस पर सहमति जताते हुए नेशनल फ्लैग डे की मांग का समर्थन भी किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मवीर बल्डोदिया, साहित्यकार आलोक भांडोरिया, कोसली कॉलेज की प्राचार्य डॉ. लाज कौशल और स्कूल प्राचार्य दयानंद शर्मा ने कहा कि वह पूर्व डीजीपी शील मधुर द्वारा की गई अपील का समर्थन करते हैं। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार, नागेश कुमार ,ओम प्रकाश यादव, संदीप, संदीप यादव, डॉ. संध्या, प्रीति, प्रीतम शर्मा, रेनू यादव, नीलम यादव, विकास शर्मा, डॉ. जसमेर, डॉ. मोनिया, जसवंत जाखड़, दीपक यादव, सपना यादव सहित स्कूल स्टाफ गीता शर्मा, अनीता, संतोष, लता भारती, मोनिका, जितेंद्र, नरेश, सतीश जांगड़ा, सुनीता, उर्मिला, बलवान, एकता, महेंद्र, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।